केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो० 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो० 9450567450
9336715406
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 226 गुरूवार 13 मार्च 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### सरिया से लटकता मिला किशोर का शव

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के रसनी में एक किशोर का शव छज्जे के सरिया में साड़ी के फंदे से लटकता मिला। भोर में बड़े भाई रवि ने शव देखा तो शोर मचाया। परिजन शव को लेकर शमशान घाट गए और अंतिम संस्कार कर दिया। इसकी जानकारी किसी ने पुरानी बस्ती पुलिस और यूपी 112 को दी। पुलिस शमशान घाट पहुंची तब तक अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। पिता शिवकुमार व भाई रवि ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि मेरे छोटे बेटे का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। मां संगीता देवी ने बताया कि वह अपने घर के छत से तीन बार नीचे गिर चुका था। वह गांव के पास एक स्कूल में पढ़ने जाता था और कक्षा 8 का छात्र था। मां के अनुसार वह बेटे पर विशेष ध्यान रखती थी। पिता के अनुसार बीमारी को लेकर बेटा परेशान रहता था। उसका इलाज बस्ती, गोरखपुर व संतकबीरनगर सहित कई जगहों पर चल रहा था। एसआई राधेश्याम यादव ने बताया कि परिजनों ने प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध किया है।

### दिव्यांगों में उपकरणों का वितरण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। दिब्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विकास खंड कप्तानगंज के ब्लॉक सभागार में बुधवार को दिब्यांगजनो हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कप्तागंज के विधायक कबिन्द्र चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत किया स खंड विकास अधिकारी ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया स मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की दिब्यांगजनो के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं स दुर्घटना में दिब्यांग होने अथवा जन्म से दिब्यांग हों, सभी के लिए सहायक उपकरण देकर उन्हें चलने–फिरने और एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने जाने में आसानी होंगी स विभिन्न प्रकार की सहायक उपकरण से दिब्यांगजन भी सामान्य जनो की तरह जीवन जी सकेगे स इस अवसर पर 4 दिब्यांगजनों को कान की मशीन, 14 लोगो को ट्रायसाइकिल व बैशाखी तथा दो लोगो को लेपरोसी किट दी गई.

इस अवसर पर नगर पंचायत कप्तानगंज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी, एडीओ समाज कल्याण प्रशांत खरे, जिला दिब्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के वरिष्ठ सहायक धर्मेंद्र कुमार, डीडीआरसी के साइक्लोजिस्ट राधेश्याम चौधरी, विजय श्रीवास्तव, शिवमूर्ति यादव, संगीता यादव, जयप्रकाश, गोबिंद कुमार, अनूप कुमार पाण्डेय, दिलीप चौधरी, राम सरन चौधरी, प्रदीप कुमार, गुलाब चंद्र, ने सहयोग किया.


### अधिकारियों ने दिया होली की बधाई

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार पी., जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने लोगों को होली पर्व की बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना किया है। सभी अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील किया है कि आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाये।

## होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंका

**शाहजहांपुर (आभा)।** इस बार होली 64 साल बाद रमजान के जुमे के दिन है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ–साथ था। रंग में भंग न पड़ जाए, इसके लिए उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रदेश के 12 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदल दिया गया है।



मस्जिदों को रंग–गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढंका गया है। यहां लाट साहब के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान दूसरे जिलों से आए हैं।

शाहजहांपुर में जूता मार होली खेलने की परंपरा 300 सालों से चली आ रही है। होली के दिन यानी 14 मार्च को लाट साहब का लंबा–चौड़ा जुलूस निकलेगा। इसमें एक व्यक्ति को लाट साहब बनाकर भैंसा गाड़ी पर बिठाया जाता है। लोग उस पर रंग, जूते–चप्पल बरसाते हैं। शाहजहांपुर में लाट साहब के दो जुलूस निकाले जाते हैं, जिन्हें छोटे और बड़े लॉट साहब कहा जाता है। कोतवाल लाट साहब को सलामी देकर नेग देते हैं, इसके बाद जुलूस रोशनगंज, बेरी चौकी, अंटा चौराहा होते हुए थाना सदर बाजार क्षेत्र में प्रवेश करता है।

## बहूभोज में तमंचे पर डिस्को हर्ष फायरिंग, दूल्हे का चालान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**छावनी (बस्ती)।** छावनी थाना क्षेत्र के सकरावल गांव में बहूभोज का आयोजन आठ मार्च की रात में हुआ। सात मार्च को शंभू यादव की शादी थी। बहूभोज कार्यक्रम के दौरान आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। डांस के दौरान अचानक मंच पर एक युवक चढ़ गया। मंच पर चार नर्तकियां डांस कर रही थीं। युवक ने जेब से पिस्टल निकाली और फायर कर दिया। अचानक हुई फायरिंग से नर्तकियां कुछ पल के लिए रूकीं, लेकिन वे फिर से नाचने लगीं। इसके कुछ देर बाद एक नर्तकी स्टेज से नीचे आकर डांस करने लगी। इसी दौरान साइड में बैठा युवक पिस्टल को हवा में लहराता रहा। इन हरकतों का किसी ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

फायरिंग और असलहा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर छावनी पुलिस सक्रिय हो गई। वीडियो को संज्ञान में लेकर छावनी पुलिस सकरावल गांव पहुंची और पूछताछ के लिए दूल्हे शंभू यादव को साथ ले गई। बाद में उसका शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस गांव में गई थी। पूछताछ के लिए दूल्हे को लाया गया था। हर्ष फायरिंग की पुष्टि होने पर दूल्हे का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है। पिस्टल चलाने वाले युवक की पहचान हो गई है, जल्द ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी (प्रतीकात्मक चेक) का वितरण लोकभवन सभागार, लखनऊ में किया गया। बस्ती में कलेक्ट्रेट सभागार में निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया और वहॉ उपस्थित उज्ज्वला योजना के 130 लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के उद्घोषणा को देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन धारकों को उनकी बुकिंग के सापेक्ष रिफिल की धनराशि सब्सिडी के रूप में अन्तरित किया जायेगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग महेश शुक्ला, अध्यक्ष जिला पंचायत संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्रा, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान द्वारा पात्र लाभार्थियों को सब्सिडी की धनराशि हेतु प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया।

इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, विधायक हर्रैया प्रतिनिधि सरोज बाबा, उज्ज्वला योजना के नोडल/विक्रय प्रबन्धक सन्तोष सोनी, गैस एजेन्सी के प्रतिनिधि/उपाध्यक्ष अशोक सिंह, जनपद के गैस संचालक तथा उज्ज्वला योजना के लाभार्थिगण आदि उपस्थित रहे।

## रालोद नेताओं ने किया पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राम कृष्ण पटेल का स्वागत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राम कृष्ण पटेल का पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सर्वेश वर्मा के नेतृत्व में फुटहिया चौराहे के निकट फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

सर्किट हाउस में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों से बातचीत में राम कृष्ण पटेल ने कहा कि रालोद किसानों, नौजवानों को समर्पित पार्टी है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का सपना पूरा हो इस दिशा में राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी के नेतृत्व में पार्टी जनहित के सवालों को लेकर सत्ता और संगठन दोनों मोर्चो पर संघर्षशील है। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का संदेश लेकर गांव– गांव जाकर जनमानस को जोड़े।

स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश चौधरी, प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी, महिपाल पटेल, शोभनाथ चौधरी, गीता वर्मा, शिव कुमार गौतम, इन्द्र बहादुर यादव, हरीश वर्मा, गोरखनाथ चौधरी, राम कृपाल चौहान, मुन्नीलाल, शम्भू गोपाल चौधरी, ओंकार चौधरी, शिव कुमार वर्मा, सुनील वर्मा, इरफान अहमद, प्रदीप चौधरी, श्रीराम मौर्या के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एक महिला को होलिका में प्रतीक रूप से जलाना बंद करने की मांगः सौंपा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बुधवार को भारत मुक्ति मोर्चा महिला विंग जिलाध्यक्ष सरिता भारती के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि देश में एक तरफ तो 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाकर महिलाओं के विकास की बात की जाती है तो दूसरी ओर होली पर्व पर एक महिला होलिका को प्रतीक रूप में जलाकर खुशियां मनायी जाती है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। महिला विंग जिलाध्यक्ष सरिता भारती ने ज्ञापन देने के बाद कहा प्रतीक के रूप में होलिका को जलाने की परम्परा बंद हो, यह महिलाओं के सम्मान के विरूद्ध है। होलिका जलाने से पर्यावरण प्रदूषण होता है जो मानव जीवन के लिये हानिकर है।

ज्ञापन देने वालों में भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरटियन, भारत मुक्ति पार्टी के मण्डल अध्यक्ष हृदय गौतम, सविता राव, आरती, चन्द्र प्रकाश गौतम, राम सुमेर यादव, ठाकुर प्रेम कुमार नन्दबंशी, चन्द्रिका प्रसाद, आर.के. आनन्द आदि शामिल रहे।

## पाकिस्तान में रेल हाईजैक, 27 लड़ाकों को मारने 155 यात्रियों को छुड़ाने का दावा

**पेशावर (आभा)।** पाकिस्तान की तरफ से बीएलए के 27 लड़ाकों को मारे जाने का दावा किया गया है। लेकिन इन दावों से इतर पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए ट्रेन हाईजैक में बड़ी तादाद में लोगों के मरने की आशका जताई जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान की सरकार ने 200 से ज्यादा ताबूत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा भेजे हैं। पाकिस्तान रेलवे के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि बलूचिस्तान के बोलन भेजने के लिए 200 से ज्यादा ताबूत क्वेटा लाए गए हैं।



बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की तरफ से जब से जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किए जाने की खबर सामने आई है। तभी से लगातार बीएलए और पाकिस्तान की सरकार की तरफ से अलग अलग दावे किए जा रहे हैं और एक दूसरे के दावों को झूठा भी बताया जा रहा है। पहले तो पाकिस्तान की तरफ से कहा गया कि उसने बीएलए के 10 लड़ाकों को मार गिराया है। जिसके पलटवार में बयान जारी करते हुए बलूच आर्मी ने पाक सरकार के दावों को झूठा करार देते हुए अपनी 48 घंटे के अल्टीमेटम की बात दोहराई। वहीं कहा गया कि पाकिस्तान की 20 सैनिकों को मार गिराया गया है। अब पाकिस्तान की तरफ से बीएलए के 27 लड़ाकों को मारे जाने का दावा किया गया है।

## बस्ती में 2740 स्थानों पर होगा होलिका दहन पुलिस सक्रिय, ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। होली के जश्न की तैयारी हर तरफ शुरू हो चुकी है। ऐसे में आमजन की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। जिले में कुल 2740 स्थलों पर होलिका दहन होना है। सभी होलिका दहन स्थलों का भ्रमण करने के साथ ही इनकी निगरानी का भी विशेष प्रबंध किया गया है। आगामी त्योहारों को देखते हुए सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। होलिका दहन 13 मार्च को है, 14 को होली खेली जाएगी। इस दिन शुक्रवार है, रमजान माह भी चल रहा है। ऐसे में जुमे की नमाज अदा की जानी है। इस वजह से पुलिस हाईअलर्ट पर है। धर्मस्थलों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। मिश्रित आबादी और संवेदनशील इलाकों की विशेष निगरानी होगी। एसपी अभिनंदन ने बताया कि इसके साथ ही किसी भी नए आयोजन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है। इन इलाकों में केवल परंपरागत जुलूस और कार्यक्रमों की अनुमति दी जाएगी। जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी। जिले में 68 क्यूआरटी टीमें गठित की गई हैं। यूपी–112 की टीमें त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगी। कंट्रोल रूम से संपर्क में रहने के लिए प्रत्येक प्रभारी को वायरलेस हैंडसेट दिया गया है। इससे वे कंट्रोल रूम से लगातार संपर्क में रह सकेंगे। दुबौलिया थानाक्षेत्र में मंगलवार को ड्रोन कैमरे की मदद से दुबौलिया कस्बे में निकलने वाले जुलुस के दृष्टिगत जुलूस के मार्ग और छतों की निगरानी की गई। क्षेत्र के माझा क्षेत्र अशोकपुर, अखण्डपुर, लोहरवर्दिया आदि स्थानों में ड्रोन कैमरे से निगरानी हुई।

## राजन इण्टरनेशनल एकेडमी में नौनिहालो ने खेली फूलो की होलीः छात्रों ने गुरूजनों से लिया आशीर्वाद

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बुधवार को जनपद के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान राजन इंटरनेशनल एकेडमी में उल्लास, उमंग के साथ होली पर्व की धूम रही। नौनिहालों ने फूलों की होली खेली। पूरा कैम्पस फूल और गुलाल से सराबोर रहा। प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने स्कूल के नन्हें नौनिहालों के साथ जमकर होली खेली। नन्हें मुन्ने बच्चों ने गुरूजनों को अबीर गुलाल लगा कर आशीर्वाद लिया।

एकेडमी की निदेशिका शिखा चतुर्वेदी के साथ विद्यालय में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे और शिक्षक शिक्षिकाओं को अबीर गुलाल लगाते हुए सभी को होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह के दौरान पूरा राजन कैंपस रंगों एवं फूलो से सराबोर रहा।

एकेडमी की प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि होलिका पर्व आपसी भाईचारे का त्यौहार है। रंगों के पर्व होली को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गिले शिकवे दूर करके मनाने का सुझाव दिया।

प्रधानाचार्य सानू एंटोनी ने विद्यालय परिवार के साथ साथ जनपद वासियों को होली की बधाई





देते हुये कहा कि जीवन में रंगों का अपना विज्ञान है।

संचालन बी.एड विभागाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में पुनीता पाण्डेय, राम स्वरूप यादव, सुमन दूबे, रेखा श्रीवास्तव, पूनम गुप्ता, प्रमिला शुक्ला, श्वेता त्रिपाठी, नीलम श्रीवास्तव, निशु उपाध्याय, शालिनी श्रीवास्तव,अन्नू, सुष्मिता मन्ना, सुष्मिता पाण्डेय, नेहा अबरोल, आकृति पाण्डेय, सौम्या पाण्डेय, जानवी शुक्ला, दीपांजलि, रीना पाण्डेय, नैन्सी वर्मा, आकृति साहू, आकृति पाण्डेय, तहजीब फातिमा, अर्चना पटेल, अर्चना द्विवेदी, रूपा जायसवाल, सुषमा गुप्ता, हर्षिका शुक्ला, फातिमा सिद्दीकी, रजनी श्रीवास्तव, फरहत फातिमा, शहनाज यूनुस, नलिनी गुप्ता, ज्योति पाण्डेय, माया सिंह, मनीषा गुप्ता, प्रभा त्रिपाठी, श्रद्धा पाण्डेय, शालिनी श्रीवास्तव, कोमल गुप्ता, आशीष कसौधन, प्रेरणा सिंह, प्रभात त्रिपाठी, साक्षी मिश्रा, दीपाली वर्मा, माया शुक्ला, सिमरन गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, अभिरामी, वेदिका गुप्ता, शिक्षा बरनवाल, रिया दुबे, खदीजा परवीन, अंजलि चौरसिया, अमित मिश्रा, राम स्वरूप यादव, सौरभ पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, रचित गुप्ता, मनजीत सिंह, संजय तिवारी, मोहम्मद सारिक, कुशाग्र मिश्रा, दीप कमल सिंह, गोपाल सिंह, किरण के विस्टन, ज्वैल थॉमस, शिवांश उपाध्याय, शुभम पटेल, रवि प्रकाश तिवारी, अभिषेक कुमार धर्मेंद्र तिवारी, गौतम प्रकाश, विकास कुमार चतुर्वेदी अभय कुमार पाण्डेय सहित अनेक शिक्षक, शिक्षिकाओं ने उमंग के पर्व के उल्लास को रंगो से सराबोर कर दिया।

## मुख्यमंत्री योगी बोले– इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में संभल का उल्लेख, 1526 में विष्णु मंदिर तोड़ा गया

**लखनऊ (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में संभल का उल्लेख है। संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर को 1526 में तोड़कर नष्ट कर दिया गया था। संभल का उल्लेख 5000 साल पुराने ग्रंथों में किया गया है। उनमें भगवान विष्णु के भावी अवतार का उल्लेख है। दूसरी ओर इस्लाम का उदय केवल 1,400 साल पहले हुआ। मैं ऐसी चीज की बात कर रहा हूं जो इस्लाम से कम से कम 2,000 साल पुरानी है। इन बातों के सबूत सदियों से मौजूद हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 1526 में संभल में भगवान विष्णु का मंदिर तोड़ा गया और दो साल बाद 1528 में अयोध्या में राम मंदिर को भी तोड़ दिया गया था। आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका श्ऑर्गनाइजरश द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम 'मंथन कुंभ और उसके आगे' में



बोलते हुए उन्होंने कहा कि दोनों कृत्य एक ही व्यक्ति द्वारा किए गए थे। आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में हर धर्म और पूजा पद्धति में कुछ अच्छे गुण होते हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि किसी की आस्था को जबरन छीनना और उनकी मान्यताओं को कुचलना अस्वीकार्य है। खासकर जब हम संभल के बारे में सच्चाई जानते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक सत्य का प्रतिनिधित्व करता है और उन्होंने हमेशा इसके बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं योगी हूं। मैं हर संप्रदाय, समुदाय और पूजा पद्धति का सम्मान करता हूं। अगर आप गोरखनाथ पीठ जाएं, तो आप देखेंगे कि वहां किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। सभी जाति, क्षेत्र और संप्रदाय के लोग एक साथ बैठकर एक ही थाली में भोजन करते हैं। हमारे पूज्य संत, चाहे वे किसी भी धर्म से जुड़े हों, एक साथ बैठकर भोजन करते हैं और उन्हें समान सम्मान मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए मैं कहता हूं कि भारत की वैदिक परंपरा की भावना, जैसा कि उपनिषदों में व्यक्त किया गया है, हमारे अंदर गहराई से समाहित है। पूजा की हर पद्धति, चाहे वह सनातन धर्म से जुड़ी हो या दुनिया के किसी भी अन्य धर्म से, उसमें कुछ अंतर्निहित अच्छाइयां होती हैं, यही वजह है कि इतने सारे लोग उनका पालन करते हैं। विपक्षी दलों और आलोचकों की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों को पहले धर्मग्रंथों को पढ़ना चाहिए, उसके बाद ही मुझे उन पर बहस करने की चुनौती देनी चाहिए।

## अच्छी सड़कें क्षेत्र के विकास का पैमाना –अजय सिंह

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हरैया विधायक अजय सिंह ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के परसरामपुर श्रीनगर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधि विधान से पूजन अर्चन द्वारा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में किया। यह सड़क परसरामपुर, तल्हवापुर, रघुनाथपुर, सलेमपुर, गौशाला होते हुए श्रीनगर तक कुल 10.370 किलोमीटर लंबी है जिसका बजट 1908.86 लाख है। क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक का पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया गया और इस सड़क निर्माण कार्य के लिए लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अच्छी सड़के किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती हैं आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में यातायात और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और जनता को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा



कि क्षेत्र के विकास के प्रति वे शुरू से प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य हर गांव और हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। बेहतर सड़क से व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच ग्रामीणों तक हो पाएगी। विधायक ने कहा क्षेत्र के हर गांव और कस्बे को मुख्य सड़क से जोड़ना और गांव में बुनियादी सुविधा सुलभ कराना उनकी प्राथमिकता है। इससे ही समग्र विकास और सशक्त भारत का लक्ष्य हासिल होगा।

इस अवसर वरिष्ठ राज दत्त शुक्ल, श्रीश पाण्डेय, दीप्ति धर दुबे, आशुतोष सिंह छोटे, राम मणि मिश्र, अनंत कृष्णा पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, पंकज मिश्र, सरदार सिंह, अरविंद सिंह, गुलशन राजभर, अखिलेश सिंह, निर्मल सिंह, राजबहादुर पाण्डेय, अर्जुन सिंह, उमेश मद्धेशिया, गोपी वर्मा, जयप्रकाश चौहान, महेंद्र सिंह, चिंताराम वर्मा, राम ललित पाण्डेय, दिलावर सिंह, वीरेंद्र सिंह, नंदन सिंह, अभिषेक सिंह, रक्षा राम वर्मा, राहुल सिंह, लक्ष्मी सिंह, आलोक सिंह, खुशीराम, पिंकू सिंह, बृजेश वर्मा, रामपाल, जयप्रकाश चौहान, आजाद, शिवपूजन यादव, अर्जुन यादव, बृजेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 13 मार्च 2025 गुरूवार

## सम्पादकीय

# दहशतगर्दों के चंगुल में पाकिस्तान

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है, मगर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे गंभीरता से कभी नहीं लिया गया। जबकि इस हकीकत से सभी वाकिफ हैं कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की सक्रियता न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी खतरा है। अब तो पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।पाकिस्तान सेना और सुरक्षा बलों ने जाफर एक्सप्रेस पर कब्जा करने के लिए तमाम कोशिशें की, लेकिन तीन तरफ पहाड़ और एक तरफ सुरंग होने से विफल रहे। स्थिति यह है कि ट्रेन से करीब एक किलोमीटर दूर ही पाक सुरक्षा बलों का डेरा है। पाकिस्तानी सेना ने जेट विमान, गन फ्लाइट हेलिकॉप्टर और ड्रोन्स को तैनात किया है। फिर भी विद्रोहियों से निपटना मुश्किल है क्योंकि सख्ती बरतने पर आम नागरिकों की जान भी खतरे में होगी। बलूच विद्रोहियों ने पहली बार ट्रेन को ही हाईजैक किया है। इससे पहले वे छिटपुट हमले करते रहे हैं। इसके अलावा पंजाबी मूल के लोगों को टारगेट करते रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर बलूच विद्रोहियों ने पहली बार हमला किया है। निश्चित रूप से यह स्थिति विचलित कर देने वाली है।

अब वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के ताजा आंकड़ों से यह तथ्य उजागर हुआ है कि पाकिस्तान को अपने किए का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। वहां दहशतगर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष पाकिस्तान में आतंकी हमलों में होने वाली मौतों में पैंतालीस फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह वहां हुए आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 के 517 की तुलना में 2024 में बढ़ कर 1,099 हो गई। पाकिस्तान लंबे समय से दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीके–तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इन हालात में भी भारत के खिलाफ अपनी करतूतों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। वह भारत के खिलाफ दहशतगर्दी का इस्तेमाल हथियार की तरह किए जा रहा है। जो गतिविधियां वह भारत के खिलाफ चलाता है और उसमें वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ तक शरीक देखी जाती हैं, वैसी ही वह अपने बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही गतिविधियों से त्रस्त है। पिछले हफ्ते बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सभी विद्रोही गुटों ने हाथ मिला लिया और उन्होंने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का एलान कर दिया।

बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही चीन की विकास परियोजनाओं का विरोध वे लंबे समय से करते रहे हैं, मगर पाकिस्तान सरकार और सेना उन्हें हथियार के बल पर दबाने का प्रयास करती रही हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां आतंकी गतिविधियां काफी जोर पकड़ चुकी हैं। उन हमलों में कई चीनी नागरिक भी मारे जा चुके हैं। पर पाकिस्तान ने दहशतगर्दी के खिलाफ कोई मुकम्मल नीति नहीं बनाई है। जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों को वहां से पनाह और इमदाद मिलने लगी है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

पाकिस्तान लंबे समय से समस्याओं से पार पाने की जद्दोजहद कर रहा है। वहां महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। हालत यह है कि कई बार वहां के लोग आटे–दाल के लिए संघर्ष पर उतर आए। फिर भी पाकिस्तानी हुकूमत का जोर तरक्की के बजाय चीन से मिलने वाली इमदाद और उसके जरिए भारत पर दबाव बनाए रखने का अधिक है।

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के आंकड़ों से जाहिर है कि पाकिस्तान में स्थितियां दिनों–दिन गंभीर होती जा रही हैं व अगर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने मिल कर इसका कोई हल निकालने की कोशिश नहीं की, तो पाकिस्तान में पल रहे दहशतगर्द न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। इसके नतीजे पहले कई जगह देखे जा चुके हैं, जिसमें सबसे बड़ा हमला अमेरिका के विश्व व्यापार संगठन के दफ्तर पर हुआ था। अच्छा हो कि पाकिस्तान इससे सबक ले।

# समय के साथ बदलता होली का रंग



–प्रियंका सौरभ–

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े–बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी–मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। ष्आओ राधे खेलें फाग, होली आईष के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द–गिर्द होने वाली मस्ती–मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप–चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खध्ुशी से एक–दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे–जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए 'हैप्पी होली' के साथ शुरू और खत्म होती है। **पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी–खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज–मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं।**



> आज हम जो होली मनाते हैं, वह पहले की होली से काफी अलग है। पहले, यह त्यौहार लोगों के बीच अपार खुशी और एकता लेकर आता था। उस समय प्यार की सच्ची भावना होती थी और दुश्मनी कहीं नहीं दिखती थी। परिवार और दोस्त मिलकर रंगों और हंसी–मजाक के साथ जश्न मनाते थे। जैसे–जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ष्हैप्पी होलीष के साथ शुरू और खध्त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी–खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज–मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू–बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खध्ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण ष्होली मुबारकष ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू–बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खध्ुशी और हंसी–मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी–छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब खध्त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहाँ चली गई है?

आज, होली महज एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को खत्म कर रही है।

एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी–खुशी एक–दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक–दूसरे के घर जाते और भांग की भावना में डूबे हुए फगुआ गीत गाते थे।

अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस खध्ुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

# आधुनिक चिकित्सा को रोबोटिक्स का वरदान

–अरुण नैथानी–

दुनिया में बदलते वक्त के साथ आधुनिक चिकित्सा ने नये आयाम स्थापित किए हैं। जिसने आम आदमी की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि की है। आधुनिक तकनीक ने भौगोलिक बाधाओं को दूर करके चिकित्सा विशेषज्ञता को दूर–दराज के इलाकों में पहुंचाने में मदद की है। चिकित्सकीय विशेषज्ञता और तकनीकी प्रगति के साम्य ने कारगर उपचार के जरिये मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। आधुनिक चिकित्सा को रोबोटिक्स की बदलावकारी व सटीक क्षमता ने समृद्ध किया है। सर्जरी के क्षेत्र में निरंतर आधुनिक बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में इनोवेशन व विश्वस्तरीय साझेदारियों तथा चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए साझा दृष्टिकोण के महत्व को दर्शाता है। इसी दिशा में एसएस इनोवेशन्स ने दूसरे ग्लोबल एसएमआरएससी 2025 के माध्यम से भारत की पहली मोबाइल टेली–सर्जिकल यूनिट मंत्राएम का लोकार्पण किया है। यह आधुनिक मोबाइल सर्जिकल यूनिट दूरदराज के इलाकों के लिए आधुनिक रोबोटिक–असिस्टेड सर्जरी तथा रियल–टाइम टेली सर्जरी क्षमता के साथ उच्च गुणवत्ता की सर्जिकल देखभाल को सुलभ बना सकती है।

रोबोटिक सर्जरी के भविष्य पर मंथन

हाल ही में उद्योग जगत के दिग्गज संपन्न एसएमआरएससी 2025 में एकजुट हुए। इनमें अंतर्राष्ट्रीय थ्योरिसिस्ट एवं फ्यूचुरिस्ट डाफ मिचियो काकु, सर्जिकल रोबोटिक्स के जनक डॉ. फ्रेडरिक मोल आदि शामिल थे। इन सभी हस्तियों ने रोबोटिक सर्जरी और हेल्थकेयर के भविष्य को आयाम देने में इनोवेशन्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में कई महाद्वीपों से 150 से अधिक अग्रणी विशेषज्ञों सहित 1200 से अधिक डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी के भविष्य और प्रगति पर मंथन किया।

रोबोटिक्स की बदलावकारी क्षमता

निस्संदेह, चिकित्सकीय विशेषज्ञता और तकनीकी प्रगति के बीच के अंतर को दूर कर इस पहल ने आधुनिक चिकित्सा में रोबोटिक्स की बदलावकारी क्षमता को दर्शाया है। सर्जरी के क्षेत्र में निरंतर आधुनिक बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में यह प्रयास विश्वस्तरीय साझेदारियों के जरिये चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण की जरूरत बताता है। इस दौरान एसएस इनोवेशन्स के मुख्यालय से 1700 किलोमीटर की अधिक दूरी पर बैंगलोर के एस्टर सीएमआई



हॉस्पिटल में टेलीसर्जरी को अंजाम दिया गया, जो रिमोट सर्जिकल केयर की दिशा में बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।

सर्जिकल केयर की पहुंच बढ़ाने की पहल

निस्संदेह, यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में बदलाव लेकर आएगी। आधुनिक मोबाइल टेली–सर्जिकल यूनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकित्सा सेवाओं की मूलभूत सुविधाओं को नये आयाम देने और मॉडर्न सर्जिकल केयर की पहुंच बढ़ाने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। यह सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल भूमिका के रूप में आगे बढ़ने में देश की स्थिति मजबूत बनाएगी।

दूरदराज के क्षेत्रों में सुलभ चिकित्सा

वास्तव में टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक–असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल यूनिट में सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाई–स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल हैं। जो रिमोट एवं ऑन–साइट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाइम सहयोग को यकीनी बनाता है। इस इनोवेशन के जरिए सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है, इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है। एसएस इनोवेशन्स संस्थापक व चेयरमैन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव कहते हैं, 'एसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल यूनिट विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक बदलाव लाने की एक मुहिम है। हाई–स्पीड टेलीकम्युनिकेशन एवं सैटेलाइट कनेक्टिविटी के साथ यह भौगोलिक बाधाओं को दूर करता है तथा उन समुदायों के लिए जीवन रक्षक रोबोटिक–असिस्टेड सर्जरी को सुलभ बनाता है, जो इससे वंचित हैं। निरंतर अनुसंधान एवं इनोवेशन के जरिये यह सुनिश्चित करने की कोशिश है कि आधुनिक रोबोटिक सर्जरी उन सभी लोगों की पहुंच में आ जाए, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

इनोवेशन्स पर चर्चा

ग्लोबल एसएमआरएससी के दौरान रोबोटिक, यूरोलोजी, जनरल सर्जरी, गायनेकोलोजी, ओंकोलोजी, हैड एण्ड नैक और कार्डियोथोरेसिक सर्जरी पर फोकस करते हुए रोबोटिक सर्जरी एवं टेलीसर्जरी में इनोवेशन्स पर चर्चा को बढ़ावा दिया गया। साथ ही एसएस इनोवेशन्स के आधुनिक सर्जिकल केयर में बदलाव रहे प्रमुख सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा 3 की आधुनिक क्षमता का प्रदर्शन किया गया। देश भर के 70 से अधिक अस्पतालों में इंस्टॉल्ड एसएसआईमंत्रा का जटिल कार्डियक प्रक्रियाओं सहित 3000 से अधिक मल्टी–स्पेशलटी सर्जरियों को सुगम बनाने में योगदान है।

संभव हुए प्रेसीजन मेडिसिन, रियलटाइम रिमोट प्रोसिजर

इस मुहिम में दुनिया भर से ऐसे दिग्गज शामिल हुए जो हेल्थकेयर एवं टेक्नोलॉजी के भविष्य को नया आयाम दे रहे हैं। जाने माने थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट एवं फ्युचुरिस्ट डॉ. मिचियो काकु बताते हैं कि एआई, क्वांटम कम्प्युटिंग और रोबोटिक्स की प्रगति ने सर्जरी को नया आयाम दिया है। जिसने प्रेसीजन मेडिसिन एवं रियल टाइम रिमोट प्रक्रिया को वास्तविकता बना दिया है।

क्वांटम मैकेनिकल रोबोटिक सर्जरी की दिशा में कदम

निस्संदेह, सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम भविष्य की चिकित्सा को नया आयाम देगा। जो सर्जरी में क्वांटम मैकेनिक्स का इंटीग्रेशन को दर्शाता है। यह सिर्फ रोबोटिक सर्जरी नहीं बल्कि क्वांटम मैकेनिकल रोबोटिक सर्जरी की दिशा में एक कदम है, एक विकास जो चिकित्सा में बड़े बदलाव ला सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्वांटम मैकेनिक्स और रोबोटिक सर्जरी एक साथ मिलकर चिकित्सा जगत में नई खोज का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

# नेता तोड़ रहे भाषा की मर्यादा



-डा. सत्यवान सौरभ-



बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास जैसी चिंताओं के बीच, एक परेशान करने वाला नया चलन सामने आया है, राजनीतिक दलों की वादा खिलाफी तथा नेताओं की अमर्यादित भाषा का। राजनीतिक दल अपने वादे पूरे करने में विफल रहे हैं और नेता अनुचित भाषा का सहारा ले रहे हैं। हमारी सड़कों की हालत बहुत खराब हैय कई इलाकों में, वे बमुश्किल ही सड़कों जैसी दिखती हैं। जल प्रबंधन और सीवेज सिस्टम जैसी जरूरी सेवाओं का अभाव है। चिकित्सा सुविधाएँ भी इसी तरह अपर्याप्त हैं, आबादी के सापेक्ष अस्पतालों की कमी है, और जो मौजूद हैं उनमें अक्सर जरूरी संसाधनों की कमी होती है। ऐसा लगता है कि नेता सिर्फ दिखावटी बनकर रह गए हैं, जो असली मुद्दों को हल करने की उपेक्षा कर रहे हैं। अतीत में, राजनेता अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते थे, और राजनीति में जो संस्कृति, सभ्यता और शालीनता की भावना थी वो अब गायब हो गई है। आजकल, नेता अक्सर व्यक्तिगत हमलों में शामिल होते हैं, विमर्श की सीमा को पार करते हैं। राजनीति में भाषा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैय लोकतंत्र में, एक नेता की शक्ति भाषा पर उसके नियंत्रण से बहुत हद तक जुड़ी होती है। स्वतंत्रता के बाद से, राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है, साथ ही राजनेताओं के आरोपों के लहजे और शैली में भी बदलाव आया है। आज कुछ नेता अपने विरोधियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, जबकि अन्य आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। क्या हमारे राजनीतिक क्षेत्र में गरिमा की कोई भावना बची है? ऐसी भाषा का सहारा लेने से पहले, ये राजनेता देश और उसके नागरिकों के लिए संभावित नतीजों से बेखबर लगते हैं। अपने विरोधियों को कमतर आंकने की कोशिश में, नेता अक्सर ऐसे बयान देते हैं जो न केवल निरर्थक होते हैं बल्कि आपत्तिजनक भी होते हैं। ऐसी टिप्पणियाँ स्वस्थ और रचनात्मक राजनीति के आदर्शों को धूमिल करती हैं। क्या ये नकारात्मक प्रभाव हमारी राजनीतिक व्यवस्था में स्वीकार्य हैं? ये बयान स्वस्थ्य और अच्छी राजनीति की परिकल्पना पर दाग भी लगाते हैं. फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती. क्या राजनीति में ये दाग अच्छे हैं?

हरियाणा विधानसभा में नेताओं द्वारा 'गोबर पीने वाले' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल अक्सर स्वीकार्य भाषा की सीमाओं को लांघ देते हैं। पार्टी नेता अपनी बात बेबाकी से कहते हैं, अक्सर मुखर होकर बोलते हैं। चुनाव के मंच पर आरोप–प्रत्यारोप के अलावा व्यक्तिगत हमले अब संसद और विधानसभाओं में भी होने लगे हैं। उदाहरण के लिए, जब विधायक राजकुमार गौतम ने गोहाना में मिलावटी जलेबी बनने की बात कही, तो गोहाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि गौतम तो गोबर भी पीते हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें जलेबी की गुणवत्ता की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग सार्वजनिक धन की कीमत पर तुच्छ काम कर रहे हैं। हमें सोचना चाहिए कि हमारे देश के भविष्य को आकार देने वालों की भाषा कितनी खराब हो गई है। जागरूक मतदाताओं से ही राजनीतिक विमर्श में सुधार हो सकता है। तर्क–वितर्क और भ्रांतियों के बीच शब्दों के अर्थ विकृत होते जा रहे हैं, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। यह स्पष्ट है कि आज के राजनीतिक परिदृश्य में भाषा के सम्मान की अवहेलना की जा रही है, और यह सब उन्हीं सदनों में हो रहा है जो लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए बने हैं। नेताओं द्वारा शब्दों का चयन कई सवाल खड़े करता है। उन्हें यह समझना चाहिए कि उनके अनुयायी उनकी बयानबाजी को ही दोहराएंगे। यह कोई अकेली घटना नहीं है। कई नेताओं ने पहले भी विवादित टिप्पणियों से राजनीतिक क्षेत्र को कलंकित किया है। राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन वे तेजी से स्पष्ट कलह में बदल रहे हैं। नेताओं को याद रखना चाहिए कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे लोगों में सबसे कटु बात का उत्तर शालीनता से देने का कौशल था।

भाषा की टूटती मर्यादा आज के समय में घटते राजनीतिक मानकों का पैमाना है। एक नेता की असली क्षमता अक्सर उसके शब्दों के चयन में झलकती है। अगर राजनीतिक नेता यह पढ़ रहे हैं, तो उन्हें यह पहचानना चाहिए कि भाषा का सम्मान उनके कद को बढ़ाता है, जबकि अशिष्टता इसे कम करती है। समर्थक भले ही व्यक्तिगत चुटकुलों का स्वागत करें, लेकिन समझदार मतदाता– जो स्वतंत्र रूप से सोचते हैं– एक ऐसे नेता की स्थायी छाप बनाते हैं जो बाद में चाहे कितनी भी सकारात्मक बातें क्यों न कही जाएं, अपरिवर्तित रहता है। राजनीति में भाषा के बिगड़ने से सवाल करने की क्षमता खत्म हो गई है, क्योंकि नेता अपने बयानों को पूर्ण सत्य के रूप में देखते हैं। अटल बिहारी और इंदिरा गांधी जैसी हस्तियों की वाक्पटुता आज भी लोगों को प्रभावित करती है। दुर्भाग्य से, विरोधी दलों पर तीखे हमले समाज में केवल कलह और अशांति पैदा करते हैं। चुनाव आयोग के लिए ऐसे मानक स्थापित करना महत्वपूर्ण है जो अनुचित टिप्पणी करने वाले नेताओं पर सख्त दंड लगाते हैं। जनता को यह भी सोचना चाहिए कि क्या ऐसा नेता जो ऐसी कठोर और अपमानजनक भाषा का सहारा लेता है, लोकतंत्र के मंदिर में जगह पाने का हकदार है। लोकतंत्र में नेता अपनी शक्ति और अधिकार जनता से प्राप्त करते हैं, जिसका वे प्रयोग भी कर सकते हैं और दुरुपयोग भी कर सकते हैं।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज(बस्ती)

पत्रांक 1408 /टेण्डर विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 10–03–2025

## अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

क्षेत्र पंचायत कप्तानगंज–बस्ती द्वारा पंचम राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त (टाइड एवं अनटाइड) योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 मे स्वीकृत कराये गये परियोजना तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता/ठेकेदार/अन्य राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा दिनांक 25.03.2025 अपरान्ह 01.0 बजे तक वांछित प्रपत्र मोहर बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत कप्तानगंज बस्ती के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 25.03.2025 को ही अपरान्ह 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा नियुक्त निविदा समिति एवं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष विकास खण्ड सभागार में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण किया जायेगा। निविदा प्रपत्र को दिनांक 24.03.2025 के अपरान्ह 05.00 बजे तक निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्रत्येक कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। परियोजनाओं की निर्धारित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, पोस्ट आफिस सावधि जमा एफ0डी0आर0 अथवा विकास खण्ड कार्यालय में नकद धनराशि निविदा खुलने के पूर्व जमा किया जा सकता है। उपरोक्त कार्यदिवस में अवकाश होने की दशा में अगले कार्यदिवस में निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि (02 प्रतिशत अनरेस्ट मनी) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | योजना का नाम | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अधिष्ठान हेतु सीमेंट बेंच का निर्माण | 9.91 | 19800.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 2 | ग्रा0पं0 दुधौरा के कटरी ग्राम में कटरी प्रा0वि0 से लेकर श्रीधर मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.07 | 18100.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 3 | ग्राम बेलवाजोर में पाटेश्वरी निषाद के घर से अमरनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.61 | 19200.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 4 | ग्रा0पं0 खदरा में राजकुमार के घर से दुर्गा प्रसाद के घर तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य | 8.75 | 17500.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 5 | ग्रा0पं0पोखरा में महुरैली पिचरोड से राम जियावन के घर तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य | 5.96 | 11900.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 6 | कठारजंगल गोशाला का मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य | 5.0 | 10000.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 7 | ग्राम मलिया चूहा में नाउ टोला इम्तियाज के घर से दीना नाथ के घर होते हुये घनश्याम के खेत तक तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.97 | 20000.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 8 | ग्राम गोपियापार के नगर कप्तानगंज मार्ग पर पंचायत भवन राम निवास रामशंकर के घर होते हुये राम अजारे के घर तक आर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 8.28 | 16500.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 9 | नगर कप्तानगंज मार्ग पर सुबाष के घर काली मन्दिर गोपियापार तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.96 | 20000.00 | 1000.00 | रा0वि0/के0 वि0अन्टा0 | 03 माह |
| 10 | ग्रा0पं0 बघौडा में कोइलरा ज्ञानदास के घर से चन्दिका के घर के पास तक हयूम पाइप नाली निर्माण कार्य | 6.56 | 13100.00 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |
| 11 | ग्रा0पं0 बघौडा में सुक्कू के खेत से रामकिशोर के खेत तक नाली एवं ढक्कन निर्माण | 4.31 | 8600.00 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |
| 12 | ग्रा0पं0 बघौडा में रामकुमार के खेत के पास से कंचन के घर तक नाली एवं ढक्कन निर्माण | 4.31 | 8600.00 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |
| 13 | ग्रा0पं0 परिवारपुर में लल्लू के खेत से आंगबाड़ी केन्द्र तक आर0सी0सी0 एवं नाली ढक्कन निर्माण कार्य | 8.48 | 16000.00 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |
| 14 | ग्रा0पं0 बघौडा में नन्दकुमार के घर से सीताराम के खेत तक नाली एवं ढक्कन निर्माण कार्य | 9.32 | 18600.00 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |
| 15 | गोपियापार राम अजोर यादव के घर से पंचायत भवन तक ह्यूमपाइप नाली निर्माण कार्य | 3.54 | 7100.0 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |
| 16 | ग्रा0पं0 खदरा में संतराम के चक के बगल नाला पर आवागमन हेतु पुलिया | 9.99 | 20000.0 | 1000.00 | के0वि0टाईड | 03 माह |

### नियम एवं शर्तेः–

1. जिस निविदा दाता/ठेकेदार का दर सबसे कम होगी उसे क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. निविदाता/ठेकेदार के द्वारा प्रतिशत दर विड के अधार पर प्रस्तुत की जायेगी।
3. निविदा दो भाग में अलग–अलग मोहर बन्द सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जायेगा। भाग–एक(तकनीकी विड)–जमानत राशि व सभी वांछित प्रपत्र तथा भाग दो–(वित्तीय विड) बिल आफ क्वानटिटी दर भर के अलग लिफाफे में सील्ड करके जमा किया जायेगा।
4. ठेकेदार/निविदादाता का व्यापार कर विभाग मे जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आयकर विभाग में रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा किसी भी कार्यदायी विभाग में पंजीकरण का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति तथा तीन वर्ष का आयकर एवं जी0एस0टी0 क्लियरेशन संलग्न कराना होगा। निविदा के समस्त प्रपत्रों पर निविदादाता/ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा।
5. खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
6. प्रमुख/खण्ड विकास अधिकारी/अवर अभियन्ता/कार्य प्रभारी/लेखाकार/विकास खण्ड के अन्य कर्मचारी या उनके सगे संबन्धी रिस्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी। एवं इस आशय की नोटरी शपथ पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
7. सक्षम स्तर से कार्यादेश निर्गत के बाद ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
8. निविदादाता/ठेकेदार को नियमानुसार सभी कटौती काट कर ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
9. किये गये कार्य की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही कार्य पर भुगतान किया जायेगा।
10. धरोहर की धनराशि नकद/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र के रूप में खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज के पक्ष में बन्धक हो, कराकर जमा किया जायेगा।
11. निविदा फार्म विकास खण्ड कप्तानगंज बस्ती कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 रू0 है, पर ही प्रस्तुत की जायेगी।
12. किसी भी निविदिदाता/ कार्यदायी संस्था के पंजीकृत ठेकेदार जिनके द्वारा निविदा डाली जा रही है को कार्य आदेश निर्गत करने के पूर्व क्षेत्र पंचायत कप्तानगंज में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
13. ठेकेदार को भुगतान के पूर्व रॉयल्टी की रसीद जमा करना अनिवार्य होगा। रॉयल्टी की रसीद जमा न करने पर रॉयल्टी सम्बन्धी देयता उत्पन्न होने पर सम्बन्धित ठेकेदार पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगे।
14. निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार निर्माण का परिवर्तन/ परिवर्धन/ निरस्तीकरण का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार प्रमुख, क्षेत्र पंचायत कप्तानगंज/खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
16. बजट के प्रत्याशा में निविदा आमन्त्रित की जाती है। धनराशि की उपलब्धता पर ही नियमानुसार भुगतान देय होगा। इसलिए किसी भी ठेकेदार का कार्यादेश के लिए कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

अवर अभियन्ता (आर0ई0डी0) कप्तानगंज-बस्ती

खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज-बस्ती

मिथिलेश देवी प्रमुख क्षेत्र पंचायत कप्तानगंज-बस्ती

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज(बस्ती)

पत्रांक 1408 /टेण्डर विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 10–03–2025

# शादी के बाद भी संबंध बनाने के लिए बार–बार बुलाती थी युवती, आजिज आकर प्रेमी ने रेत दिया गला



**संवाददाता–गोण्डा।** दो दिन पहले गन्ने के खेत में मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शादीशुदा युवती की हत्या उसके ही प्रेमी ने की थी। पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद इस अवैध संबंध को वह खत्म करना चाहता था। इसके बाद भी युवती बार–बार उसे फोन कर बुलाती थी। 9–10 मार्च की रात भी युवती ने उसे बुलाया था। आजिज आकर उसने गन्ने के खेत में ही युवती का गला रेतकर हत्या कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। 10 मार्च को इटियाथोक थाने को सूचना मिली कि सकीना उर्फ हसीना (23) का शव उसके मायके विश्रामपुर में गन्ने के खेत में पड़ा है। उसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

पुलिस ने फील्ड यूनिट एवं डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य संकलित किए और युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एएसपी के मुताबिक जांच के लिए एसपी के निर्देश पर चार विशेष टीम गठित की गई थीं। तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर 48 घंटे के भीतर आरोपी विनोद कुमार यादव को बुधवार को बग्गी रोड तिराहा से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि युवती के साथ उसका तीन साल से प्रेम संबंध था, लेकिन हाल में शादी होने के बाद वह इस अवैध रिश्ते को खत्म करना चाहता था, पर युवती अपने संबंधों की दुहाई देकर उसे बार–बार बुला रही थी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी का कहना है कि युवती के बुलाने पर ही वह 9/10 मार्च की रात गया और गांव के बाहर गन्ने के खेत में ले जाकर समझाने का प्रयास किया। युवती मानने को तैयार नहीं थी, ऐसे में उसने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और फरार हो गया। एएसपी ने कहा कि आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है तथा उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बरहज नगर पालिका में करोड़ों का घोटाला

**संवाददाता–देवरिया।** नगर पालिका परिषद गौरा बरहज में करोड़ों रुपए के कथित घोटाले का मामला तूल पकड़ रहा है। भाजपा नेता अमरेंद्र गुप्ता ने इस मामले में विधान परिषद के सभापति को शिकायत की थी। जिलाधिकारी द्वारा जांच टीम गठित करने के बाद भी निर्धारित समय में जांच पूरी नहीं हुई। इस पर जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठे हैं। उत्तर प्रदेश शासन के अनु सचिव रविन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को पत्र भेजा है। विधान परिषद सचिवालय में 18 मार्च को इस मामले पर बैठक बुलाई गई है। जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि नगर पालिका परिषद के प्रभारी अधिकारी और अधिशासी अधिकारी को सभी दस्तावेजों के साथ बैठक में भाग लेने के लिए भेजें। साथ ही जांच कमेटी की रिपोर्ट तत्काल शासन को सौंपने को कहा गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** चंदर्खा बुजुर्ग के मजरा कुट्टी निवासी एक युवती की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर खपरैल की बडेर में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची सोनवा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की मां ने उसके मंगेतर पर बाइक मांगने का आरोप लगाया है। सोनवा थाना क्षेत्र के कुट्टी निवासी खुशबू (21) पुत्री कलीम बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर में खपरैल की बडेर के सहारे दुपट्टे के फंदे पर लटकी दिखी। परिजनों ने देखा कि खुशबू का पैर हिल रहा है। आनन फानन में खुशबू को फंदे से नीचे उतारा गया, जब तक उसे अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक सुरेन्द्रनाथ यादव ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

मृतक की मां असरफन का आरोप है कि खुशबू का निकाह चार वर्ष पूर्व गिलौला थाना क्षेत्र के एगडगवा निवासी मुस्कान पुत्र महमूद के साथ तय हुआ था। उसका छह अप्रैल को निकाह होना था। मुस्कान मुम्बई रहकर कमाई करता है। मुस्कान व खुशबू की बात मोबाइल से होती रहती थी। मंगलवार शाम व बुधवार सुबह खुशबू की बात मोबाइल पर हुई थी। मुस्कान शादी में बाइक मांग रहा था। साथ ही धमकी दिया था कि बाइक नहीं मिली तो निकाह नही करेगा। इससे आहत होकर उसकी पुत्री ने फांसी लगा ली। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि असरफन की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों की जानकारी होगी, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कुट्टी निवासी खुशबू के पिता कलीम की दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। असरफन अपने सात बच्चे फिरोज (25), मैनाज (23), रीना (22), खुशबू (21), असफी (19) ,दानिश (12), अफजल (7) की जिम्मेदारी उठा रही है। बेटी की मौत के बाद असरफन का रो रोकर हाल बेहाल है।

# 159 महिला लाभार्थियों को मिली गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी



**संवाददाता–गोण्डा।** होली से महिलाओं को सरकार की तरफ से बड़ी सौगात मिली है। जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के चेक दिए गए। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 519 रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह योजना महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। कार्यक्रम में जनपद के 150 लाभार्थी महिलाओं को सब्सिडी चेक वितरित किए गए। जिला पूर्ति अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वितरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लाभार्थी महिलाओं ने कहा कि इस सब्सिडी से उनके घरेलू बजट में राहत मिलेगी।

# अवैध कब्जे और पेड़ कटान पर सख्त कार्रवाई के निर्देश




**संवाददाता–गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में नवाबगंज के मंडी सचिव की बिना सूचना अनुपस्थिति पर उन्हें स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया। डीएम ने सभी विभागों को राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्रवाई सभी पर समान रूप से की जाए। संगठित अपराधों में लिप्त लोगों और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। वन विभाग के एसडीईएओ को अवैध पेड़ कटान रोकने के निर्देश दिए गए। अनुमति से अधिक पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग को दुकानों की जांच बढ़ाने के निर्देश दिए। सभी तहसीलों के नायब तहसीलदारों को आरसी वसूली में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। अमीनों से नियमित समीक्षा कर वसूली सुनिश्चित करने को कहा गया। होलिका दहन के दौरान संबंधित क्षेत्र के लेखपालों की मौजूदगी अनिवार्य की गई है। समीक्षा के दौरान डीएम ने जिले के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने–अपने तहसीलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रतिदिन की जाए तथा कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण को अधिक से अधिक निस्तारित किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग कोर्ट में प्रतिदिन बैठकर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई करके नियमानुसार निस्तारण करें। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक वादों का नियमानुसार निस्तारण करके समय से उसकी फीडिंग पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान डीएम ने जिले के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने–अपने तहसीलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रतिदिन की जाए तथा कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण को अधिक से अधिक निस्तारित किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग कोर्ट में प्रतिदिन बैठकर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई करके नियमानुसार निस्तारण करें। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक वादों का नियमानुसार निस्तारण करके समय से उसकी फीडिंग पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें।

# 1890 करोड़ की दी सब्सिडी, उज्ज्वला योजना के तहत वितरण

संवाददाता–संतकबीरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी और विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान की मौजूदगी में जिले के 30 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। जिले में 90 हजार



उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 505.95 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी मिली है।

विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार माताओं–बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर शुरू की गई है।

विधायक गणेश चंद्र चौहान ने बताया कि सरकार का मुख्य लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन और ईंधन जैसी जरूरी सेवाएं शामिल हैं। शेष लाभार्थियों को ई–केवाईसी पूरा होने के बाद इस योजना का लाभ मिलेगा।

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान मोटर दुर्घटना अभ्यर्थना न्यायाधिकरण महोदय बस्ती जिला–बस्ती
एम.ए.सी.पी. नं0– 30/2024
बदामा आदि
बनाम
ग्रीन लैड्स (ए.एंडएम) निगम इलाहाबाद
1. वाहन स्वामी का नाम– ग्रीन लैड्स (ए.एंडएम) निगम इलाहाबाद उ0प्र0 पता– 20 एम.जी. रोड सिविल लाइन्स सुभाष चौराहा से005 किमी सुयोहया चौराहा से 0.5 किमी0 इलाहाबाद यू.पी. कोड नं0– 211001 वाहन सं0 यू.पी. 70 डी.टी. 2028
2. वाहन बीमा कम्पनी का नाम व पता– शाखा कार्यालय दी, न्यू इण्डिया इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड बस्ती जनपद–बस्ती वाहन सं0 यू.पी. 70 डी.टी. 2028

**तारीख पेशी 17–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 17 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाव दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुर्कर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–1186/2019
ब्रम्हर्षि देवरहा बाबा शिक्षा समिति
बनाम
रामशंकर आदि
1. रामशंकर 2. उमाशंकर पुत्रगण राम पियारे 3. गंगा प्रसाद 4. महेन्द्र कुमार 5. अरविन्द कुमार पुत्रगण हरिशंकर 6. अमन कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद 7. आदर्श कुमार 8. अभिषेक कुमार पुत्रगण दुर्गा प्रसाद साकिनान मौजा दुबौलिया बाजार तप्पा दुबौलिया परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 06–05–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 06 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाव दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुर्कर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–436/2024
रामकरन
बनाम
रामपलट उर्फ गोबरी
1. रामपलट उर्फ गोबरी पुत्र राम पियारे साकिन जिगना तप्पा बड़गोपगार परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 21–05–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 21 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाव दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुर्कर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ाः फर्जी आधार कार्ड लेकर आए दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता–संतकबीरनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी मैरिज हॉल में आयोजित समारोह में दो युवक फर्जी आधार कार्ड के साथ पकड़े गए।



मुख्य विकास अधिकारी ने आधार कार्ड की जांच के दौरान इस फर्जीवाड़े का पता लगाया। दोनों युवकों ने दूसरे व्यक्तियों के आधार कार्ड को एडिट कर अपना फोटो लगाया था। इस कार्यक्रम में कुल 139 जोड़ों का विवाह होना था।

जांच में पता चला कि दोनों युवक संतकबीर नगर जिले के रहने वाले हैं। फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद सीडीओ ने दोनों फर्जी दूल्हों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब इस मामले में वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

यह घटना सरकारी योजना का दुरुपयोग करने का गंभीर मामला है। जिसमें असली जरूरतमंद लोगों के अधिकारों का हनन होता है। पुलिस जांच से यह भी पता चलेगा कि क्या इस तरह के और भी मामले हैं।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मेरा नाम प्रतीक श्रीवास्तव पुत्र श्री रविन्द्रनाथ श्रीवास्तव है और मकान नम्बर 2634/8 मोहल्ला कटरा (मूडघाट रोड) पोस्ट– गांधीनगर जनपद बस्ती (उ.प्र.) का निवासी हूं। मेरे पुत्र रियांश श्रीवास्तव का जन्म दिनांक 17–09–2015 को हुआ था। उसका जन्म पंजीकरण संख्या B– 2016: 9–90518–000121 पर हुआ था। मैंने अपने पुत्र रियांश श्रीवास्तव का नाम अगस्त्य श्रीवास्तव (AGASTYA SRIVASTAVA) कर दिया है। अब उसे अगस्त्य श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाय।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद यू0पी0 लखनऊ से निर्गत पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष, वर्ष 2013 अनुक्रमांक 214923 एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष, वर्ष 2015 अनुक्रमांक 15409664 और सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से निर्गत शास्त्री परीक्षा वर्ष 2019 तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 19380665 का अंक पत्र एवं मूल प्रमाण–पत्र वास्तव में खो गया है।

**(प्रवीन कुमार)**
पुत्र श्री चन्दन प्रसाद
ग्राम– बगही अहिर
पोस्ट– कठारजंगल
जनपद– बस्ती
मो0 9984770602

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
**एडमिन यूनिट/जोनः** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** MPS-LJND-03-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 06-03-2025 समय 16:25 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 21-03-2025 समय 10:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 21-03-2025 समय 10:50 बजे। **नीलामी का प्रकारः** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः** E-Auction Module of www.ireps.gov.in
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य–242 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

## प्रेस विज्ञप्ति

**प्रधान मण्डी स्थल अमौली बस्ती (खाद्यान्न) में रिक्त दुकानो के आवंटन/नीलामी की सूचना**

नवीन मण्डी स्थल अमौली बस्ती में खद्यान्न की ''अ'' श्रेणी की 14 दुकाने ''ब'' श्रेणी की 05 एवं ''स'' श्रेणी की 08 दुकाने कुल 27 नग दुकानों का आवंटन खुली नीलामी द्वारा आवंटन समिति की बैठक दिनांक 27.03.2025 को समय दोपहर 1.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बस्ती में उपनिदेशक (प्रशा०/विप०) महोदया की अध्यक्षता में किया जाना है। आवंटन की समस्त प्रक्रिया दुकान अवंटन नियमावली 2016 एवं पत्रांक–विप०–3/(दु०आ०वि०नि०)/2022–2015 दिनॉंक 06.06.2022 के प्राविधानानुसार सम्पन्न करायी जायेगी इस सम्बन्ध में किसी भी बिन्दु पर विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में मण्डी समिति बस्ती कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। रिक्त दुकानो के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निम्नवत है–

| क0 सं0 | आरक्षण की श्रेणी | आरक्षण प्रतिशत | दुकान की श्रेणी तथा कमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | अनु सूचित जाति | 21 प्रतिशत | ''अ'' श्रेणी दुकान सं० 03, 10, 20<br>''ब'' श्रेणी दुकान सं० 01<br>''स'' श्रेणी दुकान सं० 01, 06<br>**कुल 06 नग** |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 02 प्रतिशत | शून्य |
| 3 | पिछड़ी जाति | 27 प्रतिशत | ''अ'' श्रेणी दुकान सं० 08, 13, 18, 22<br>''ब'' श्रेणी दुकान सं० 03<br>''स'' श्रेणी दुकान सं० 04, 08<br>**कुल 07 नग** |
| 4 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 10 प्रतिशत | ''अ'' श्रेणी दुकान सं० 19,<br>**कुल 01 नग** |
| 5 | एफ0पी0ओ0/एफ0पी0सी0/ओ0डी0ओ0पी0 आदि | 10 प्रतिशत | ''अ'' श्रेणी दुकान सं० 23,<br>**कुल 01 नग** |
| 6 | अनारक्षित | | ''अ'' श्रेणी दुकान सं० 04, 09, 12, 14, 21<br>''ब'' श्रेणी दुकान सं० 02, 04, 06<br>''स'' श्रेणी दुकान सं० 02, 05, 07, 10<br>**कुल 12 नग ।** |

1 नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले पंजीकृत गल्ला व्यापारियो तथा इच्छुक व्यक्ति को मण्डी समिति कार्यालय से दिनांक आवेदन फार्म रू0–250, दुकान की लागत का 10 प्रतिशत ''अ'' श्रेणी की दुकान हेतु रू०–21100.00, ''ब'' श्रेणी की दुकान हेतु रु०–10500.00 एवं स श्रेणी की दुकान हेतु रु००–7100.00 बैंक ड्राफ्ट व 18 प्रतिशत जी०एस०टी० के साथ दिनांक 22.03.2025 को सायंकाल 04 बजे तक आवेदन फार्म मण्डी समिति कार्यालय में भरकर जमा कर सकता है। अपूर्ण अवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. अन्तिम पत्रता सूची को कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं http://upmandiparishad.upsdc.gov.in पर प्रकाशित की जायेगी।
3. स्वीकृत बोलीदाता के द्वारा स्वीकृत धनराधि का 50 प्रतिशत का भुगतान (जी०एस०टी० 18 प्रतिशत अतिरिक्त) आवंटन पत्र निर्गत होने के 15 दिन के अन्दर न जमा किये जाने पर पंजीकृत धनराशि जप्त कर ली जायेगी।
4. आवंटन पत्र निर्गत होने के 15 दिन के अन्दर आवंटी द्वारा लगायी गई बोली की 50 प्रतिशत धनराशि (जी०एस०टी० 18 प्रतिशत अतिरिक्त) पंजीकरण राशि सहित जमा करने व अनुबन्ध करने के उपरान्त ही दुकान का कब्जा दिया जायेगा। शेष 50 प्रतिशत धनराशि (जी०एस०टी० 18 प्रतिशत अतिरिक्त) 03 माह के अन्दर जमा करनी होगी।
5. बोली की सम्पूर्ण राशि 01 सप्ताह के अन्दर एक मुस्त जमा करने पर 02 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।
6. खाद्यान्न मण्डी स्थल की दुकानो के आवंटन हेतु श्रेणीवार पत्रता का निर्धारण लाईसेंसधारी व्यापारियो द्वारा विगत 03 वर्ष में जमा किये गये मण्डी शुल्क के औशत अथवा टर्नओवर औसत के अधार पर 50 प्रतिशत दुकाने आरक्षित रहेंगी। विनियम–11(1) प्राविधानित व्यवस्था के अर्न्तगत शेष दुकानों का आवंटन खुली नीलामी के माध्यम से किया जायेगा।
7. नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे मण्डी समिति बस्ती कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(महेन्द्र कुमार गुप्त)
सचिव

(प्रतिपाल सिंह चौहान)
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/सभापति

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बस्ती।**

पत्रांकः–कृ०उ०म०स०ब०/ दु०आ०/2025–555 दिनांक–12–3–25

## कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ0प्र0
### नवीन मण्डी स्थल– बस्ती

पत्रांकः निर्माण/निविदा/बस्ती/2025–524 दिनांकः 12.03.2025

**:–अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना :–**

निम्नलिखित मरम्मत सम्पर्क गार्गो के कार्यों हेतु ई–निविदायें दिनांक 21.3.2025 को मण्डी परिषद एवं PWD, R.E.D. U.P.R.N.N., तथा UPPCL विभाग में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृढ एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित ई–निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 21.03.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 21.03.2025 की अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ०प्र० सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी पढी व डाउनलोड की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 सं0 | मण्डी समिति का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत अनुरक्षण लागत सहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि माह मे | निविदा की वैद्यता | निविदा की श्रेणी | मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेण जो निविदा में प्रतिभाग कर सकते है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| **जनपद बस्ती के अन्तर्गत** | | | | | | | | | |
| 49 | बस्ती | बस्ती से सेमरिहवां केशवापुर हटवा मार्ग से ग्राम नरही तक 2025_RKUMP_1010667_1 | 37.18 | 3.75 | 6600 | 02 | 90 | द | अ,ब,स,द |

**नोटः–**

1– धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (निर्माण) के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा साऊघाट बस्ती के **खाता संख्या 30394488595** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** एवं निविदा का मूल्य **खाता संख्या 30394488415** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** उप निदेशक (निर्माण) के नाम अलग–अलग आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा, एवं अपलोड भी करना अनिवार्य होगा।

8– मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांकःमु०अभि०–2/ (1168/भाग–4/2005)/2022–1190 दिनांकः 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश / निर्देश के क्रम में 'द' श्रेणी को छोडकर 'अ', 'ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्तर्घात्मक दरें प्राप्त करने के उददेश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्ते के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacity की गणना प्रपत्र व सी०ए० द्वारा प्रमाणित वॉछित टर्न ओवर एवं बैलेन्स शीट Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

9– उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म भी प्रतिभाग कर सकती है।

10– उपरोक्त तालिका में अंकित अ एवं ब श्रेणी से सम्बन्धित कार्यों हेतु PWD, R.E.D, U.P.R.N.N तथा UPPCL विभाग में सामान्य श्रेणी अर्थात 'अ' एवं 'ब' श्रेणी के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार ही निविदा प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते है।

उप निदेशक (निर्माण)

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–54/2024
सन्तराम
बनाम
उदयराज आदि
1. दयराज 2. फूलचन्द्र 3. हरिश्चन्द्र पुत्रगण वासदेव निवासीगण ग्राम बारीघाट तप्पा बड़गोपगार परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 18–04–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 18 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–162/2023
शीतला सिंह
बनाम
राजकरन सिंह आदि
1. राजकरन सिंह पुत्र सूबेदार सिंह 2. अमरीश सिंह पुत्र दिनेश सिंह 3. श्रीमती गीता सिंह विधवा पत्नी दिनेश सिंह 4. कमलेश सिंह पुत्र दरोगा सिंह 5. बिभूती सिंह 6. मुकेश सिंह पुगत्रण जिलेदार सिंह 7. उमेश सिंह 8. राणा प्रताप सिंह 9. तेज प्रताप सिंह 10. रवि प्रताप सिंह पुत्रगण राजबहादुर सिंह 11. कु0 माधुरी सिंह पुत्री राजमन सिंह 12. श्रीमती मनोरमा सिंह पत्नी राजमन सिंह निवासीगण ग्राम मसुरिहा तप्पा जगरनाथपुर परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 17–04–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 17 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–262/2022
अकालपती आदि
बनाम
सुशीला
1. श्रीमती सुशीला पत्नी जगमोहन निवासी ग्राम रामगढ़ तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 01–04–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 01 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान मोटर दुर्घटना अभ्यर्थना न्यायाधिकरण महोदय बस्ती जिला–बस्ती
क्लेम सं0–26/2024
अक्षय कुमार आदि
बनाम
घूरे लाल उर्फ फूलचन्द्र
1. घूरे लाल उर्फ फूलचन्द्र उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्रीराम साकिन गोसैसिपुर तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती (वाहन चालक वो वाहन स्वामी वो वाहन संख्या–UP53AC4971)

**तारीख पेशी 20–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 20 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**
**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**
**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com